ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 3

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 3 : 2026-27

MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8x1=8

1. 'शेरनी' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) सिंहिणी (B) शेर

(C) बाघिन (D) शेरनियाँ

उत्तर : (B) शेर

2. 'दुर्जन' शब्द का विलोम रूप है –

(A) सृजन (B) जन

(C) सज्जन (D) निर्जन

उत्तर : (C) सज्जन

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –

(A) चोटियाँ (B) नदी

(C) पैसे (D) मालाएँ

उत्तर : (B) नदी

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) जगना (B) जग

(C) जागना (D) जगाना

उत्तर : (D) जगाना

5. 'परोपकार' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) वृद्धि

(C) दीर्घ (D) यण

उत्तर : (A) गुण

6. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –

(A) राजमहल (B) माँ-बाप

(C) नीलाकाश (D) पंचवटी

उत्तर : (D) पंचवटी

7. ठीक हो जाएगा न ? -वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) पूर्ण (D) अल्प

उत्तर : (A) प्रश्नवाचक

8. स्वागत समिती ____ मंत्री आए ।

(A) पर (B) को

(C) के (D) की

उत्तर : (C) के

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान :: रेवड़ियाँ बेचनेवाला : _____।

उत्तर : ईमानदार ।

10. आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल :: व्हिस्परिंग गैलरी : _____।

उत्तर : गोलगुंबज ।

11. मकान के स्तंभ : हाथी के पैर जैसे ::मकान की छत : _____।

उत्तर : मछली की पीठ जैसी ।

12. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : _____।

उत्तर : कृष्ण ।

III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4

13. अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ ?

उत्तर : अब्दुल कलाम जी का जन्म रामेश्वरम् में हुआ ।

14. दोनों दोस्त जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

उत्तर : दोनों दोस्त मकान बनाने के बारे में जानवरों से पूछ-ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।

15. मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता-उतरता है ?

उत्तर : मानव के हुक्म पर पवन का ताप चढ़ता-उतरता है ।

16. संत की तुलना किसके साथ की गयी है ?

उत्तर : संत की तुलना हंस के साथ की गयी है ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. पाठ के आधार पर गाजर और टोमाटो का महत्व समझाइए।

उत्तर : गाजर और टोमाटो में अधिक विटामिन हैं। इसलिए दोनों भोजन के आवश्यक अंग बन गये हैं।

18. जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरु किया ?

उत्तर : जैनुलाबदीन ने स्थानीय ठेकेदार अहमद जलालुद्दीन के साथ समुद्र के तट के पास लकड़ी की नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया।

19. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

उत्तर : होटल में सभी चीजों की चोरी हो रही थी। अपनी भी चोरी होने के डर से लेखक ने कमरा छोड़ने का निर्णय लिया।

20. पाँच हजार रुपये मिलने पर मोहन ने क्या सोचा ?

उत्तर : ये रुपये प्रधानाध्यापक जी को दे देंगे। स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए पुस्तकों का प्रबंध करेंगे।

21. आधुनिक मानव की भौतिक साधना के बारे में लिखिए।

उत्तर : आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। वह नदी, सागर, पर्वत को एक समान लाँघ सकता है। उसका यान गगन में जा रहा है।

22. कृष्ण माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?

उत्तर : यशोदा हमेशा कृष्ण को ही डाँटती और मारती है। बलराम को कुछ नहीं कहती। इसलिए कृष्ण नाराज है।

23. शनि के उपग्रहों का परिचय दीजिए।

उत्तर : शनि के 17 उपग्रह खोजे गये हैं। पहले दस उपग्रह खोजे गये थे। पायोनियर तथा वायजर अंतरिक्षयान के जरिए और सात नए उपग्रह खोजे गए। शनि का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटन है।

अथवा

'शनि एक सुंदर ग्रह है।' कैसे ? बताइए।

उत्तर : शनि के चारों ओर कंकण जैसे सुंदर वलय हैं। ऐसा लगता है प्रकृति ने इस ग्रह के गले में सुंदर हार डाल दिये हैं। वह सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है।

24. सत्य की शक्ति के बारे में गांधीजी का कथन क्या है ?

उत्तर : सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।

अथवा

सलमा ने मीना मैडम से क्या कहा ?

उत्तर : प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है।

V.निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27

25. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्माजी की ममता का वर्णन कीजिए।

उत्तर : महादेवी वर्मा को पशु-पक्षियों से प्रेम था। इसलिए उन्होंने गिलहरी को कौओं से बचाया, उसके लिए झूला तैयार किया। उसे बड़े प्यार से थाली के पास बिठाकर खाना सिखाया। मरते समय उसे बचाने की पूरी कोशिश की। सोनजुही की लता के नीचे उसकी समाधि बनायी।

26. 'सोशल नेटवर्किंग' का परिणाम समाज पर कैसे पड़ रहा है ? समझाइए।

उत्तर : सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह ला खड़ा किया है। इसके कई साइट्स है, फेसबुक, ट्विटर ,लिंक्डइन आदि। इन साईटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा, कला, संस्कृति आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है।

27. धीरज सक्सेना ने रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?

उत्तर : धीरज सक्सेना के परिवार में साधोराम नाम का एक नौकर था। एक दिन वह चलती बस से गिर गया। उसे खतरनाक चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सक्सेना का परिवार बड़ा था। घर में काम करने के लिए कोई दूसरा नौकर भी नहीं था। परिवारवालों का कष्ट सक्सेना से न देखा गया। इसलिए घर में रोबोट रखने का निर्णय लिया।

28. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए।

उत्तर : कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिर बहुत सुंदर है। बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं। इनमें रामायण, महाभारत तथा पौराणिक कथाएँ चित्रित हैं। श्रवणबेलगोल के गोमटेश्वर की 57 फीट ऊंची मूर्ति दुनिया को त्याग और शांति का संदेश देती है।

29. बचेंद्री पाल की शिक्षा के बारे में लिखिए।

उत्तर : बचेंद्री पाल का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। बचपन में पाँच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाना पड़ता था। पर्वतारोहण-प्रशिक्षण में उनका यह पैदल चलने का कठोर परिश्रम बहुत काम आया। अपनी पढ़ाई का खर्च सिलाई का काम करके जुटा लेती थी। उन्होंने संस्कृत में एम.ए. तथा बी.एड तक की शिक्षा प्राप्त की थी।

30. **कविता के आधार पर मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : मातृभूमि का प्रकृति सौंदर्य अत्यंत सुंदर है। मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं। मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हैं। मातृभूमि के अंदर अपार खनिज संपदा है।

31. **कवि ने समय के महत्व को कैसे समझाया है ? बताइए।**

उत्तर : समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। समय ईश का दिया हुआ अति अनुपम धन है। इसलिए हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए। आलसी न बनकर समय का सदुपयोग करना चाहिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

उत्तर : तुलसीदास जी कहते हैं- मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। मुँह अकेला खाता है, शरीर के सभी अंगों का समान रूप से विकास होता है। एक मुखिया को भी ऐसे ही विवेकवान होना चाहिए कि वह काम अपनी तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बाँटे।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

शनि सौर-मंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है। यह पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है। शनि ग्रह का व्यास 116 हजार किलोमीटर है।

उत्तर : **ಶನಿ ಸೌರಮಂಡಲದ ಎರಡನೆ ದೊಡ್ಡ ಗ್ರಹವಾಗಿದೆ. ಇದು ಭೂಮಿಗಿಂತ ಸುಮಾರು 750 ಪಟ್ಟು ದೊಡ್ಡದು. ಶನಿ ಗ್ರಹದ ವ್ಯಾಸವು 116 ಸಾವಿರ ಕಿಲೋಮೀಟರಗಳಾಗಿದೆ.**

Saturn is the second biggest planet of solar system. It is approximately 750 times bigger than the earth. The diameter of the Saturn is 116 thousand kilometers.

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

34. **पं. राजकिशोर के परोपकारी गुणों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। बसंत की सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं। मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत बसंत के घर पहुँचते हैं। बसंत का इलाज करने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं। अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं। पं. राजकिशोर गरीब और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे।

अथवा

बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है । छलनी, दियासलाई,बटन बेचता है । पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है क्योंकि वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है । मोटर के नीचे आकर घायल होने पर भी राजकिशोर के पैसे लौटाता है । इसलिए बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है ।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

असफलता .....

.....

.....

.....भागो तुम।

उत्तर : असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम ।

VII.36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1x4=4**

हम अच्छी चाल-चलन को चरित्र कह सकते हैं । जिसकी चाल चलन अच्छी है वह चरित्रवान है । गांधीजी ने एक बार कहा था- धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो कुछ गया, मगर चरित्र गया तो सब कुछ गया । इसका अर्थ है, चरित्र ही मनुष्य की असली संपत्ति है । सच्चरित्र का निर्माण करने से ही उत्तम समाज का निर्माण हो सकता है । बचपन में लड़के अधिक समय तक माता-पिता के साथ रहते हैं । इसलिए बच्चों को चरित्रवान बनाने में माता-पिता की सबसे अधिक जिम्मेदारी होती है । शिक्षा का असली उद्देश्य चरित्र का निर्माण ही है ।

अ) चरित्र किसे कह सकते हैं ?

उत्तर : अच्छी चाल-चलन को चरित्र कह सकते हैं ।

आ)मनुष्य की असली संपत्ति क्या है ?

उत्तर : मनुष्य की असली संपत्ति चरित्र है।

इ) उत्तम समाज का निर्माण कैसे हो सकता है ?

उत्तर : सच्चरित्र का निर्माण करने से उत्तम समाज का निर्माण हो सकता है ।

ई) शिक्षा का असली उद्देश क्या है ?

उत्तर : शिक्षा का असली उद्देश चरित्र निर्माण है ।

VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : **1x4=4**

क) कर्नाटक राज्य की विशेषताएँ

- **प्रस्तावना :** कर्नाटक भारत के दक्षिणी भाग में स्थित एक समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न राज्य है। यहाँ की प्राकृतिक सुषमा, साहित्यिक वैभव और ज्ञान-विज्ञान क्षेत्र की प्रगति अपार है । इसकी राजधानी बेंगलूरु को "भारत की सिलिकॉन सिटी" कहा जाता है, क्योंकि यहाँ आई टी उद्योग बहुत विकसित है।

- **प्राकृतिक विशेषताएँ :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुंदरता अद्‌भुत है- पश्चिमी घाट, झरने, जंगल और सुहावना मौसम इसे विशेष बनाते हैं। यहाँ की प्रमुख नदियाँ कावेरी, तुंगभद्रा, कृष्णा और शरावती हैं, जो राज्य की कृषि और जलसंपदा को समृद्ध बनाती हैं। गोकाक, अब्बी, जोग जैसे मनमोहक जलप्रपात हैं ।

- **औद्योगिक प्रगति :** यहाँ की कृषि में कॉफी, गन्ना, चावल और बाजरा जैसी फसलें प्रमुख हैं। कोडगु की कॉफी विश्वभर में लोकप्रिय है। कर्नाटक शिक्षा, विज्ञान, अंतरिक्ष और तकनीकी क्षेत्र में भी अग्रणी है- इसरो और कई प्रतिष्ठित संस्थान यहीं स्थित हैं। आई.टी.आई., एच.एम.टी.,बी.ई.एल, बी.एच.ई.एल.,एच.ए.एल., भारतीय विज्ञान केंद्र जैसे बृहत संस्थाएँ हैं ।

- **साहित्यिक व सांस्कृतिक विशेषताएँ :** कर्नाटक अपनी प्राचीन कला, साहित्य और संगीत परंपरा के लिए प्रसिद्ध है । यहाँ के लोग सरल, मेहनती और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े हुए हैं। कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है । पम्प, पोन्न, बसवेश्वर, कुवेंपु जैसे महान साहित्यकारों ने इसे गौरवान्वित किया है। कन्नड भाषा के आठ महान कवियों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है । राज्य में मैसूर दशहरा विश्व-प्रसिद्ध उत्सव है, जहाँ पारंपरिक शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम हजारों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। कर्नाटक में बेलूर, हलेबीडु और हम्पी जैसी ऐतिहासिक धरोहरें यूनेस्को की विश्व विरासत में शामिल हैं। यहाँ पर बदामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, विजयपुर, श्रवणबेलगोल जैसे प्रसिद्ध तीर्थ यात्रा स्थल हैं ।

- **उपसंहार :** इन सभी विशेषताओं के कारण कर्नाटक इतिहास, संस्कृति, तकनीक और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्‌भुत संगम माना जाता है। देश की प्रगति में कर्नाटक का बहुत बड़ा योगदान है । हमारा राज्य अपनी विशिष्ट परंपरा और संस्कृति के कारण सारे विश्व में प्रसिद्ध है ।

(ख) खेलों का महत्व

- **प्रस्तावना :** हमारा जीवन एक अनमोल उपहार है और इसे स्वस्थ और खुशहाल बनाए रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। इस काम में खेल हमारी सबसे बड़ी मदद करते हैं। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये हमारे जीवन का एक ज़रूरी हिस्सा हैं। जैसे पढ़ाई हमारे दिमाग के लिए ज़रूरी है, वैसे ही खेल हमारे शरीर और मन के लिए ज़रूरी हैं।

- **खेल के प्रकार :** खेल कई तरह के होते हैं, जिन्हें हम खेलने की जगह के आधार पर दो मुख्य भागों में बाँट सकते हैं –
  * **मैदानी खेल :** ये खेल हमें घर से बाहर, खुले मैदानों या स्टेडियम में खेलने होते हैं। ये हमारे शरीर को सबसे ज़्यादा मज़बूती देते हैं। उदाहरण : क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, दौड़ (रनिंग), कबड्डी, बास्केटबॉल आदि।
  * **घरेलू खेल :** ये खेल हम घर के अंदर या कमरे में बैठकर खेलते हैं। ये हमारे दिमाग को तेज़ करते हैं और सोचने की शक्ति बढ़ाते हैं। उदाहरण : शतरंज (चेस), कैरम, टेबल टेनिस, लूडो आदि।

- **खेलने से होनेवाले लाभ :** खेलने से हमें कई फ़ायदे होते हैं, जो हमें एक बेहतर इंसान और छात्र बनाते हैं :

  *** शारीरिक लाभ :**

  * स्वास्थ्य: खेल हमारे शरीर को मज़बूत और फुर्तीला बनाते हैं।
  * बीमारियों से बचाव : रोज़ खेलने से हम बीमार कम पड़ते हैं, क्योंकि यह हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति को बढ़ाता है।
  * ऊर्जा : खेलने से आलस दूर होता है और हम पूरे दिन ताज़गी और ऊर्जा से भरे रहते हैं।

  ***मानसिक और सामाजिक लाभ :**

  * मन की शांति: खेल तनाव को कम करते हैं और हमें खुशी देते हैं।
  * सीखने की आदतें: खेल हमें समय का पाबंद रहना, नियम मानना और हार-जीत को एक जैसा स्वीकार करना सिखाते हैं।
  * नेतृत्व क्षमता: खेल खेलने से हममें आत्मविश्वास बढ़ता है और हममें आगे चलकर नेता बनने के गुण आते हैं।

- **उपसंहार :** खेल हमारे जीवन को संतुलित बनाते हैं। जैसे पढ़ाई में अच्छे नंबर लाना ज़रूरी है, वैसे ही रोज़ कुछ देर खेलना भी ज़रूरी है। एक प्रसिद्ध कहावत है, "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।"

ग) ग्राम सुधार

- **प्रस्तावना :** भारत गाँवों का देश है । ग्राम भारत की आत्मा है, इसलिए ग्राम-सुधार देश की प्रगति का मूल आधार माना जाता है। भारत किसानों का देश है । अधिकांश किसान लोग गाँवों में रहते हैं । अगर हम देश की प्रगति चाहते हैं तो सबसे पहले गाँवों का उद्धार होना जरूरी है ।
- **ग्राम सुधार का महत्व :** गाँवों में आज भी शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी सुविधाओं की कमी दिखाई देती है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सबसे पहले ग्रामीणों में जागरूकता लाना आवश्यक है। गाँव के अधिकांश लोग अनपढ़ होते हैं । वे बहुत मेहनती होते हैं, पर मुग्ध होते हैं । शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि आदि क्षेत्रों में प्रगति लाने के लिए ग्राम सुधार अत्यंत आवश्यक है ।
- **ग्राम सुधार के लिए सुझाव :** गाँव साफ-सुथरा रखने के लिए स्वच्छता अभियान चलाना चाहिए। सभी बच्चों और वयस्कों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए । ग्राम-सुधार के लिए सड़क, पानी, बिजली और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाएँ हर घर तक पहुँचना जरूरी है । किसानों को आधुनिक खेती के तरीके और उचित मूल्य मिलना चाहिए | ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएँ ।
- **उपसंहार :** ग्रामीण विकास में पंचायतों और स्थानीय नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरकार के साथ-साथ गाँव के लोग भी एकजुट होकर सहयोग करें तो ग्रामीण विकास और भी तेज़ी से हो सकता है। यदि गाँव विकसित होंगे तो पूरा देश समृद्ध बनेगा। इस प्रकार ग्राम-सुधार केवल आवश्यकता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

IX. 38. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1x5=5**

कोई भी सकारण देकर छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

प्रेषक, दिनांक : 25-09-2026

विनय,
10 वीं कक्षा,
आदर्श विद्यालय,
मैसूरू ।

सेवा में,

प्रधान अध्यापक जी ,
आदर्श विद्यालय,
मैसूरू ।

आदरणीय महोदय,

विषय :- दो दिनों की छुट्टी के लिए विनंति ।

उपर्युक्त विषय के अनुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं बीमार हूँ । हम इलाज करवाने के लिए बेंगलूरू जा रहे हैं । मैं दो दिन स्कूल नहीं आ सकता । इसलिए आप मुझे दिनांक: 26-09-2026 से 27-09-2026 तक दो दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद सहित ।

स्थान : मैसूरू

आपका आज्ञाकारी छात्र,
विनय

अभिभावक के हस्ताक्षर,

अथवा

परीक्षा की तैयारी के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।·

पूज्य पिताजी,

दि : 20-09-2026

सादर प्रणाम ।

मैं यहाँ आपके आशीर्वाद से कुशल हूँ । आपका पत्र मिला, पढ़कर अत्यंत खुशी हुई । मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है । आपकी आज्ञा के अनुसार मन लगाकर दिन-रात पढ़ाई में व्यस्त रहता हूँ । खेल-कूद या गपशप में ज्यादा समय गँवा नहीं रहा हूँ ।

हमारी वार्षिक परीक्षाएँ 18-03-2027 से शुरु होनेवाली हैं । हमारे स्कूल में सभी गुरूजी विशेष कक्षाओं का आयोजन कर रहे हैं । मैं ने भी अपनी प्रत्येक समय तालिका बना ली है । रोज सुबह जल्दी उठकर नियमित रूप से पढ़ाई कर रहा हूँ । मुझे विश्वास है कि मैं इस परीक्षा में सब से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हो जाऊँगा ।

माताजी को मेरा प्रणाम , छोटी बहन गीता को ढेर सारा प्यार ।

आपका प्रिय बेटा,
विवेक

सेवा में,
श्री बसवराज वी.एम.,
घर नं. 112, बसव मार्ग,
कर्नाटक स्कूल के समीप,
बसवनगर, हावेरी ।

==========